कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,
23 एलनगंज, इलाहाबाद, पिन कोडः– 211002

दूरभाष सं0 / फैक्स नं0:– **0532 2466761, 0532 2466769 Website: http:\\examregulatoryauthorityup.in**

विज्ञप्ति

दिनांक 27.05.2018 को आयोजित **"सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा 2018"** की परीक्षाओं से सम्बन्धित प्रश्नपुस्तिका के चारों सीरीज की उत्तरमाला निर्धारित वेबसाइट **https://upbasiceduboard.gov.in** पर **दिनांक 06.06.2018 अपराह्न से** प्रकाशित की जा रही है। इच्छुक व्यक्ति वेबसाइट पर उपलब्ध उत्तर माला के क्रम में यदि कोई आपत्ति संज्ञान में लाना चाहते हैं तो निम्नलिखित शर्तों के अधीन **दिनांक 09.06.2018 की सायं 06:00 बजे तक** ई–मेल आई डी **assistantteacherexam@gmail.com** के माध्यम से संज्ञान में ला सकते हैं –

1. प्रेषित आपत्ति के साक्ष्य उपलब्ध कराना अनिवार्य है। साक्ष्य संलग्न या उपलब्ध न रहने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और उसे प्रथम दृष्टया निरस्त मान लिया जायेगा।
2. प्रेषित आपत्ति के साक्ष्य के रूप में एन0सी0ई0आर0टी0 / उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा कक्षा–12 तक की अधिकृत प्रकाशकों की संचालित पुस्तकें / कक्षा 1–8 तक बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित पाठ्य पुस्तकें ही मान्य होगी। उक्त के अतिरिक्त किसी और पुस्तक के साक्ष्य पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. अभ्यर्थियों द्वारा साक्ष्य के रूप में उपलब्ध कराये जाने वाली पुस्तक का कवर पृष्ठ, द्वितीय पृष्ठ (लेखक आदि का विवरण), विषय सूची (इन्डेक्स पेज) एवं जिस पृष्ठ पर उत्तर अंकित है, की स्पष्ट पठनीय प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
4. आपत्ति केवल ई–मेल आई डी **assistantteacherexam@gmail.com** के माध्यम से ही स्वीकार की जायेगी। व्यक्तिगत, पत्राचार एवं मोबाइल आदि किसी अन्य माध्यम से कोई भी आपत्ति संज्ञान में नहीं ली जायेगी।
5. **दिनांक 09.06.2018 की सायं 06:00 बजे** के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी आपत्ति संज्ञान में नहीं ली जायेगी।
6. अभ्यर्थी अपनी आपत्ति निम्न प्रारूप पर **MS-EXCEL या MS-WORD में** पर तैयार कर सॉफ्ट कॉपी में भेंजे–

अभ्यर्थी का नाम –
अभ्यर्थी का अनुक्रमांक –

क्र0सं0	प्रश्न पुस्तिका की सीरीज	प्रश्न संख्या	जारी उत्तर माला के अनुसार उत्तर	अभ्यर्थी द्वारा माने जाने वाला उत्तर	अभ्यर्थी द्वारा माने जाने वाले उत्तर का साक्ष्य	अभ्यर्थी का स्पष्ट हस्ताक्षर

उक्त प्रारूप के अतिरिक्त अन्य किसी प्रारूप पर कोई भी आपत्ति संज्ञान में नहीं ली जायेगी। उक्त विज्ञप्ति एवं जारी उत्तरमाला का अवलोकन विभागीय वेबसाइट **http:\\examregulatoryauthorityup.in** पर भी किया जा सकता है।

05.6.18

डॉ0(श्रीमती सुत्ता सिंह)
सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उ0प्र0, इलाहाबाद।

पृ0सं0 / गोप0 / स0अ0भ0प0–18 / 6623 — 6629 / 2018–19 दिनांक 5·6·2018

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–11, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

2. सचिव, बेसिक शिक्षा उ0प्र0 शासन लखनऊ।
3. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–11, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
4. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
5. श्री अमरपाल सिंह, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा–2018 हेतु प्रकाशित उक्त् विज्ञप्ति एवं उत्तर माला को निर्धारित वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें।
6. मैनेजर प्रणाली एवं नोडल अधिकारी स्टेट डाटा सेन्टर, यूपीडेस्को, गोमती नगर, लखनऊ।

डॉ0(श्रीमती सुत्ता सिंह)
सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उ0प्र0, इलाहाबाद।